


# अलग-अलग थीम पर निकलेंगे बाबा महाकाल, 10 लाख श्रद्धालु आने का अनुमान

- उज्जैन मे सावन की प्रथम सवारी आज
- सावन में दो, भादौ में निकलेगी चार सवारी



**उज्जैन. सावन के प्रथम रविवार को महाकाल मंदिर में चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन किए. अब सावन के पहले सोमवार को भगवान महाकाल की प्रथम सवारी निकले जा रही है, जिसके लिए प्रशासन ने लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने का अनुमान लगाया है. इसी को देखते हुए रविवार को जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम और महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने दिनभर तैयारियों को अंतिम रूप दिया.**

इस बार श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सवारी मार्ग में बड़े बदलाव किए गए हैं. जिन स्थानों पर पहले संकरी गलियों और सड़कों के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी होती थी, वहां चौड़ीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है. कई मार्गों को फोरलेन स्वरूप दिया गया है तथा सवारी के दौरान बीच में बैरिकेडिंग की जाएगी, जिससे बाबा महाकाल की पालकी मध्य मार्ग से निकलेगी और श्रद्धालु दोनों ओर सुरक्षित खड़े होकर दर्शन कर सकेंगे. निर्माण, सौंदर्यीकरण और सड़क चौड़ीकरण का कार्य पिछले कई दिनों से जेसीबी, पोकलेन मशीनों और बड़ी संख्या में मजदूरों की मदद से दिन-रात चलाया गया.

### मुख्यमंत्री के आने की संभावना

रविवार को कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित विभागों के अधिकारियों ने सवारी मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया. प्रशासन का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुचारु दर्शन व्यवस्था के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। साथ ही 4 अगस्त को निकलने वाली समर्पण कांवड़ यात्रा की तैयारियां भी समानांतर रूप से जारी हैं, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शामिल होने की संभावना है।

### यह रहेगी सभी अलग थीम

- 3 अगस्त (प्रथम सवारी): वैदिक उद्घोषन, क्षिप्रा तट पर 1100 वैदिक बटुकों द्वारा मंत्रोच्चार एवं पूजन।10 अगस्त (द्वितीय सवारी) ङ्क मध्यप्रदेश की लोक संस्कृति पर आधारित विभिन्न लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां।
- 17 अगस्त (तृतीय सवारी): पुलिस, सेना, होमगार्ड, विद्यालयीन एवं निजी बैंड की आकर्षक प्रस्तुतियां। 24 अगस्त (चतुर्थ सवारी) ङ्क पर्यावरण संरक्षण का संदेश, जनजागरूकता पर आधारित झांकियां.

### कुल 6 सवारी निकलेंगी

रविवार दोपहर कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में त्रिवेणी संग्रहालय सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित की गई. इसमें बताया गया कि श्रावण मास में चार तथा भादौ मास में दो सवारियां निकाली जाएंगी. प्रथम सवारी 3 अगस्त को तथा अंतिम राजसी (शाही) सवारी 7 सितंबर को निकलेगी. प्रशासन ने सभी छह सवारियों के लिए अलग-अलग थीम तय की हैं.

- 31 अगस्त (पंचम सवारी): 84 महादेव की भव्य झांकी, धार्मिक विरासत का प्रदर्शन.
- 7 सितंबर (राजसी शाही सवारी): सिंहस्थ-2028 की विशेष झांकी और ड्रोन से पुष्पवर्षा।
- **विशेष आकर्षण:** सभी छह सवारियों में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले जनजातीय एवं लोकनृत्य दल अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे।

# महाकाल की सवारी से पहले चेकिंग अभियान, 21 हिरासत में



**उज्जैन।** सावन माह और भगवान श्री महाकाल की पहली सवारी को देखते हुए पुलिस ने रविवार को शहर में सघन चेकिंग एवं सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, लॉज, डेरे सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर तलाशी ली गई। इस दौरान 21 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए अभिरक्षा में लिया गया। क्राइम ब्रांच, थाना महाकाल और थाना देवास गेट पुलिस की संयुक्त टीमों ने शहर के चिन्हित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में कार्रवाई की। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान का सत्यापन करने के साथ ही ठहरने वाले लोगों की जानकारी भी जुटाई। पुलिस के अनुसार, अभिरक्षा में लिए गए सभी 21 संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है तथा उनके संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि सावन माह में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, शांतिपूर्ण दर्शन व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहरभर में सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ा दी गई है। असामाजिक एवं संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आने वाले दिनों में भी इस प्रकार के सघन चेकिंग एवं सत्यापन अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# समाज को सदैव रहती है शिक्षक के मार्गदर्शन की जरूरत होती है

- डॉ. शर्मा का सम्मान, पदोन्नत व
- स्थानांतरित प्राध्यापकों का भी हुआ सत्कार




**उज्जैन।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में समाज शास्त्र विभाग की प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष शर्मा की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्राध्यापक संघ के तत्वावधान में हुए इस विदाई समारोह में प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने कहा कि समाज को सदैव शिक्षक के मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। शुरुआत में डॉ. नीरज सारवान ने स्वागत भाषण और आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के पदोन्नत और स्थानांतरित प्राध्यापकों का भी सम्मान किया गया। संघ की सचिव डॉ. राजश्री सेठ ने सम्मान पत्र का वाचन किया।

### यह रहे उपस्थित

संचालन प्रो. शुभकामना रत्काले ने किया और अंत में आभार संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. मृदुल चंद्र शुक्ल ने माना। इस अवसर पर प्राध्यापक संघ के उपाध्यक्ष सुनील सूर्यवंशी, डॉ. अल्पना उपाध्याय, डॉ. प्रार्थना निगम, डॉ. अनिता सोनवाल, डॉ. राय सिंह सोलंकी और डॉ. मंसूर खान सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे। इस दौरान शर्मा का फूल और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत सत्कार किया गया।

# माता मंदिर की दानपेटी से चुराई राशि

**उज्जैन। बदमाशों ने शनिवार रविवार रात मंदिर में धावा बोला और मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। बदमाशों ने वहां रखी दान पेटी से हजारों की राशि चोरी कर ली। सुबह वारदात का पता चलते ही पुलिस जांच के लिए पहुंची। मंदिर में लगे कैमरे के फुटेज देखे गए। जिसमें बदमाश दिखाई दिए हैं। पुलिस ने पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।**

चिमनगंज थाना क्षेत्र के मोहन नगर चौराहा पर अंबे माता का मंदिर बना हुआ है जो क्षेत्र वासियों की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। आज सुबह मंदिर से जुड़े ओम यादव सफाई, पूजन कार्य के लिए पहुंचे तो उन्हें मंदिर के मेन गेट का ताला टूटा दिखाई दिया। अंदर देखने पर दान पेटी भी खुली हुई थी। उन्होंने मामले की सूचना मंदिर के पुजारी अनिरुद्ध पांडे को दी। पुजारी तत्काल मंदिर पहुंचे और पुलिस को मंदिर में हुई चोरी से अवगत कराया। थाने से चंद कदमों की दूरी पर हुई चोरी की वारदात का पता चलते ही पुलिस जांच के लिए मंदिर पहुंच गई। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे गए जिसमें बदमाश वारदात करते दिखाई दिए। पुलिस ने फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुजारी अनिरुद्ध पांडे ने बताया कि दान पेटी पिछले 10 माह से नहीं खोली गई थी। साल में एक बार ही नवरात्रि से पूर्व दान पेटी को खोला जाता है। पुजारी का कहना था कि बदमाश लगभग 25 से 30 हजार की दानराशि चुरा कर ले गए हैं। बताया जा रहा है कि मंदिर में पहले भी चोरी की वारदात हो चुकी है।

## एक नजर में




### त्रिवेणी लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**उज्जैन।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित अभियान के तहत रोटरी क्लब उज्जैन ने रविवार को सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय परिसर में 501 पौधों का रोपण किया। पर्यावरण प्रेमी परिवार के सहयोग से आयोजित इस विशाल पौधारोपण कार्यक्रम में बरगद, नीम और पीपल की त्रिवेणी लगाकर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया गया। पौधारोपण के दौरान त्रिवेणी की विधिवत पूजा-अर्चना कर उसे भूमि में आरोपित किया गया। रविवार को मित्रता दिवस होने के उपलक्ष्य में क्लब के सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को फ्रेंडशिप बेल्ट बांधकर मित्रता और समाज सेवा का संदेश देते हुए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष डॉ. केतन सेलवारिया ने कहा कि रोटरी क्लब निरंतर पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पित है। 501 पौधों का यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित उज्जैन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में रवि प्रकाश लंगर, नलिनी लंगर, ईश्वर चंद्र दुबे, सचिव सुरेश शर्मा, केके पवार, अजय शर्मा, हरिहर शर्मा, अजय भार्गव और जवाहर जैन सहित अनेक रोटेरियन साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रोजेक्ट संयोजक केके पवार ने पर्यावरण प्रेमी परिवार और सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।




### वेदपाठी विद्यार्थियों को मिले प्रमाण पत्र

**उज्जैन।** चिंतामन गणेश स्थित महर्षि कण्व वेद विद्याधाम में व्यास पूजन और दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वेदपाठी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान मुंबई से आए एक दानदाता ने मेधावी बच्चों को प्रोत्साहन राशि भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे। समारोह को संबोधित करते हुए पं. आनंद स्वरूप बालकृष्ण गणेश दत्त शास्त्री ने कहा कि गुरु की महिमा अनंत है। कार्यक्रम में इंदौर के प्रमोद मुखिया, विद्याधाम के उपाध्यक्ष ईश्वर चंद्र दुबे और झारखंड के नितेश सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह में अतिथियों व आचार्यगणों का शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इसके पश्चात गुरु का पाद प्रक्षालन और पूजन संपन्न हुआ। संचालन पं. धर्मेंद्र शास्त्री ने किया। आयोजन के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

### ज्ञान दास का साधु समाज से बहिष्कार

**उज्जैन।** महाकाल थाने में दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज होने के बाद स्थानीय अखाड़ा परिषद ने निर्मोही अखाड़े के महामंडलेश्वर ज्ञान दास का साधु समाज से बहिष्कार कर दिया है। परिषद ने कड़ा रुख अपनाते हुए ज्ञान दास के उज्जैन स्थित सभी आश्रमों, मठों और अखाड़ों के भंडारों में जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही उन्हें महामंडलेश्वर पद से हटाने के लिए अखाड़े के अध्यक्ष को पत्र भेजा गया है। स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास महाराज और महामंत्री महंत रामेश्वर गिरी महाराज ने बताया कि ज्ञान दास पर एक महिला के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा है। इस मामले को लेकर स्थानीय अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों ने बैठक की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह कृत्य समूचे साधु समाज के लिए बेहद अशोभनीय है। इसके चलते ज्ञान दास के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई की गई है। ज्ञान दास को निर्मोही अखाड़े के महामंडलेश्वर पद से तत्काल प्रभाव से हटाने के लिए स्थानीय अखाड़ा परिषद की ओर से अखाड़े के अध्यक्ष महंत राजेंद्र दास महाराज को एक पत्र भेजा गया है। इस निर्णय के बाद अब ज्ञान दास उज्जैन में स्थानीय अखाड़ा परिषद के अंतर्गत आने वाले किसी भी धार्मिक आयोजन, मठ या आश्रम में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

# मॉर्निंग वॉक से स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

**उज्जैन।** शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, उज्जैन में मॉर्निंग वॉक म्यूजिक परिवार द्वारा सावन महोत्सव के अवसर पर गुरु पूजन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और नियमित मॉर्निंग वॉक के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों को प्रतिदिन सुबह उठकर वॉक करने तथा शरीर को स्वस्थ एवं फिट रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में इंजीनियर मुकेश शिंदे, प्रो. डॉ. दिलीप शर्मा, प्रो. डॉ. महेश शर्मा एवं प्रो. डॉ. अतुल स्थापक का गुरु स्वरूप में पूजन कर संस्था के सदस्यों ने अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर मॉर्निंग वॉक म्यूजिक परिवार के संयोजक दिनेश शर्मा द्वारा नासा में चंद्रमा की सतह पर चलने वाले वाहन (लूनर रोवर) के प्रोजेक्ट से जुड़े इंजीनियर मुकेश शिंदे का श्री वल्लभ शिरोमणि अवार्ड प्रदान कर अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह के साथ सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक एवं मार्गदर्शक महेश तिवारी, प्रकाशचंद चौहान, दिनेश शर्मा, अशोक कदम, संदेश सोनी, अजय वर्मा, सत्यनारायण पाटीदार, कुलदीप क्षत्रिय, सुधीर रावल, रामकुमार दुबे, मुकेश चौधरी, अनमोल नगर, अशोक सिसोदिया, नितेश शुक्ला, सुरेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। मातृशक्ति में कविता शर्मा, किरण सोनी, रेखा कदम, रेखा गोयल, चंद्रकांत अग्रवाल, रेणुका नगर, प्रमिला तिवारी, सीमा ठाकुर एवं अलका श्रीवास्तव सहित अनेक महिलाओं ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। गुरु पूजन एवं सम्मान समारोह के पश्चात सभी ने राजकुमार अग्रवाल द्वारा आयोजित स्वल्पाहार ग्रहण किया। अंत में अशोक कदम ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

# ध्रुव नगर में कमरे का दरवाजा बंद कर युवक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** रात में दरवाजा बंद कर युवक ने फांसी लगा ली। काफी देर तक वह बाहर नहीं आया तो परिजनों ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। आखिरकार दरवाजे को तोड़ा गया और फंदे पर लटके युवक को नीचे उतारा गया।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि ध्रुव नगर में रहने वाले लखन पिता शंकरलाल 29 साल ने रात को कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली थी। काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आया तो दरवाजा खटखटाया गया नहीं खुलने पर तोड़ा गया। लखन रस्सी के फंदे पर लटका हुआ था मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची मृतक की बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों ने बताया कि लखन काम करता नहीं था, उसकी शादी नहीं हुई थी। कुछ दिनों से वह लगातार मरने की बात कह रहा था। नीलगंगा पुलिस के अनुसार फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। जांच के बाद ही फांसी लगाने का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### कंजर गिरोह के बदमाशों का फिर लिया गया रिमांड

उज्जैन। सूने मकानों में वारदात करने के साथ बाइक चोरी में शामिल 2 कंजरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दोनों को रिमांड लिया गया था, इस दौरान चोरी का आधा माल बरामद कर लिया गया था। शनिवार को कोर्ट से 2 दिनों की रिमांड अवधि बढ़वाई गई। चार दिन पहले चिमनगंज और नागझिरी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले कंजर गिरोह के 2 शातिर बदमाशों अविनाश हाड़ा और अमिष झांझा निवासी रूलकी शाजापुर को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में चिमनगंज और नागझिरी थाना क्षेत्र के चार घरों में हुई चोरी का खुलासा होने के साथ चोरी की 11 बाइक का मामला भी सामने आया था। पुलिस ने 11 बाइक बाइक बरामद करने के साथ 7 लाख कीमत के आभूषण बरामद कर लिये थे। चिमनगंज थाना पुलिस ने दोनों को 3 दिनों की रिमांड पर लिया था। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि उनके थाना क्षेत्र की चोरी का शेष माल बरामद कर 3 अगस्त को कोर्ट में पेश किया जायेगा। कंजर गिरोह से माधवनगर, कायथा, इंदौर, नागझिरी थाना क्षेत्र की नकबजनी और बाइक चोरी का खुलासा हुआ है।

### सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत


आलोट के महू खेड़ी में रहने वाला नागू सिंह पिता भुवान सिंह 65 साल शनिवार दोपहर अपने घर लौट रहा था उसी दौरान पीछे से आए बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल नागु सिंह को रतलाम अस्पताल ले जाया गया जहां से उज्जैन रेफर किया गया परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां उसकी रात में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया है।

# प्रेमचंद जयंती पर आज कालिदास अकादमी में नाटक का मंचन

**प्रेमचंद सृजनपीठ साहित्य अकादमी (मप्र संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग भोपाल) का आयोजन**

**उज्जैन।** संस्कार भारती उज्जैन महानगर और प्रेमचंद सृजनपीठ साहित्य अकादमी (मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग भोपाल) के संयुक्त तत्वावधान में प्रेमचंद जयंती समारोह के अंतर्गत सोमवार, 3 अगस्त को मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी बड़े भाईसाहब पर आधारित नाटक का मंचन किया जाएगा। यह प्रस्तुति कोठी रोड स्थित कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में शाम 7 बजे से होगी।

### मंच पर जीवंत होंगे पारिवारिक संबंध




प्रेमचंद सृजनपीठ के निदेशक डॉ. मुकेश जोशी ने बताया कि साहित्य और रंगमंच के माध्यम से मुंशी प्रेमचंद की विचारधारा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। नाटक में शिक्षा, अनुशासन, पारिवारिक संबंधों और भाई-भाई के स्नेह को बेहद संवेदनशील और प्रभावशाली ढंग से मंच पर जीवंत किया जाएगा। यह प्रस्तुति प्रेमचंद के साहित्य की समकालीन प्रासंगिकता को दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास है। आयोजकों ने शहर के साहित्य एवं कलाप्रेमियों, रंगकर्मियों, विद्यार्थियों और आमजन से कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित होने की अपील की है।

संस्कार भारती के महामंत्री दुर्गाशंकर सूर्यवंशी ने बताया कि यह नाट्य प्रस्तुति वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश दवे, श्रीपाद जोशी, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा और संस्कार भारती की अध्यक्ष डॉ. माया बदेका के आतिथ्य में संपन्न होगी। भरत भूमि नाट्य संस्कृति संस्थान उज्जैन द्वारा प्रस्तुत इस नाटक का निर्देशन अंकित जोशी ने किया है, जबकि सह-निर्देशन जितेंद्र वाडिया का है। मंच पर बड़े भाई की भूमिका अंकित जोशी और छोटे भाई का किरदार शुभम शर्मा निभाएंगे।

# पं. प्रदीप मिश्रा पहुंचे भगवान महाकाल के दरबार, सुख-समृद्धि की कामना की



**उज्जैन।** प्रसिद्ध कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा रविवार को उज्जैन आए। इस दौरान उन्होंने भगवान महाकाल के दरबार में दर्शन, पूजन-अर्चन कर देश, प्रदेश के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। पं. मिश्रा ने मंदिर पहुंचकर बाबा महाकाल के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा और आस्था व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास प्राप्त हो रही है। मंदिर का वातावरण भक्तिमय बना हुवा है। पंडित मिश्रा का पूजन पुजारी राजेश शर्मा, पुजारी आकाश शर्मा ने संपन्न कराया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से भी कोटि तीर्थ कुंड के किनारे सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने उनका स्वागत, सम्मान किया।

### ड्रग्स: फरार बुंदेला गैंग के बदमाश से पूछताछ

**उज्जैन।** बुंदेला गैंग के बदमाश को 3 माह पहले एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया था। बदमाश ने अपने भतीजे द्वारा ड्रग्स उपलब्ध कराना कबूला था। भतीजा अवैध हथियारों के साथ निम्बाहेड़ा पुलिस की गिरफ्त में आ गया था। जिसे प्रोटेक्शन रिमांड पर चिमनगंज पुलिस जेल से थाने लेकर आई है। चिमनगंज थाना पुलिस ने अप्रैल माह में गरोठ ब्रिज के नीचे से आई-20 कार से बुंदेला गैंग के बदमाश धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू बुंदेला को 28 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने कबूला किया था कि ड्रग्स भतीजे यशवेन्द्र उर्फ छिग्गु बुंदेला ने उपलब्ध कराई थी। पुलिस ने छिग्गु को आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी, लेकिन वह फरार हो गया था, उसकी तलाश जारी थी तभी खबर सामने आई कि छिग्गु बुंदेला और उसके साथी अवैध हथियारों के साथ निम्बाहेड़ा पुलिस की गिरफ्त में आ गये है। चिमनगंज थाना पुलिस ने ड्रग्स मामले में फरार छिग्गु बुंदेला की गिरफ्तारी के लिये कोर्ट से प्रोटेक्शन रिमांड मांगा था। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि कोर्ट से अनुमति मिलने पर आरोपी को 3 अगस्त तक के लिये प्रोटेक्शन रिमांड पर लिया गया है। उसके द्वारा अपने चाचा को उपलब्ध कराई गई ड्रग्स के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपी कुछ माह पहले ढांचा भवन में आगजनी के मामले में भी शामिल रहा था, इस संबंध में भी पूछताछ जारी है। बदमाश के खिलाफ कई प्रकरण दर्ज है और वह काफी समय से फरार चल रहा था।

**कार्यशाला संपन्न** | **जिला कार्यक्रम अधिकारी ने परियोजना अधिकारी पर्यवेक्षकों को दिए निर्देश**

# टेक होम राशन वैकल्पिक आरटीई व्यवस्था स्व सहायता समूह करेंगे

## मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के लिए सभी रहे सचेत

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ियों में आजीविका मिशन की टेक होम राशन की व्यवस्था परिवर्तित करते हुए राज्य स्तर से विभाग ने अब यह जिम्मेवारी पहले से गर्म पका ताजा पोषण आहार प्रदाय कर रहे समूहों को सौंपी है। इस संबंध में जिला पंचायत सभा कक्ष में जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी द्वारा सभी परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों को शासन निर्देशों के क्रियान्वयन हेतु तैयारियों की समीक्षा करते हुए समय सीमा में नियमित प्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के विभागीय बिन्दुओं पर भी लक्षित पूर्ति करते हुए सतत निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सह उन्मुखीकरण कार्यशाला में जिले के सभी सीडीपीओ पर्यवेक्षक को सहायक संचालक रीना शर्मा ने आवश्यक प्रशिक्षण दिया।

### उज्जैन में 2127 आंगनवाड़ी केंद्र संचालित

प्रशिक्षण में टीएचआर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में रेडी टू ईट फूड पूरक पोषण आहार प्रदाय करने के लिए विभाग द्वारा नियत एस ओ पी के तहत पोषण ट्रैकर से एफआरएस के लाभार्थियों के लिए नियत रेसिपी के पालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। कार्यशाला में मुख्य मंत्री जन विश्वास अभियान के तहत समस्त लंबित हेल्प लाइन के संतुष्टि पूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने सभी लाभार्थी मूलक योजनाओं में समस्त पेंडेंसी खत्म करने तथा जनसुनवाई आदि से प्राप्त सभी शिक़ायतों के तीन दिवस में निराकरण हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार त्रिपाठी ने उपस्थित परियोजना अधिकारियो पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग उज्जैन में 14 बाल विकास परियोजनाओं के माध्यम से 2127 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। जिनमें एक एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कार्यरत है। जिनकी निगरानी के लिए 72 पर्यवेक्षकों द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जाती है। जिला स्तरीय कार्यशाला में सहायक संचालक रीना शर्मा, परियोजना अधिकारी मनोज कुमार जाट, प्रियंका जायसवाल, अर्चना दलाल, प्रीति कटारा, ज्योत्सना दीक्षित, सांख्यिकी अन्वेषक सुमित सोनी सहित सभी सेक्टर पर्यवेक्षकों की उपस्थिति शामिल रही।